# सालासर के बालाजी | By Rajan Mor |

**बालाजी ओ बालाजी**
**सालासर के बालाजी**
**आकर मेरे जीवन में**
**कर दो अब तो उजाला जी**

लाखों दुखिया द्वार पे तेरे
मांगने आते सुख की छाया
पूरी होती उनकी मुरादें
श्रद्धा से जिसने है मनाया
शाम सबेरे तेरे नाम की
जपता मैं तो माला जी
बालाजी ओ बालाजी
सालासर के बालाजी

भूत पिशाच नाम से तेरे
पास न आए भागे दूर
चरणों में तेरे जन्नत बसी है
सच्चे दिल से माँगो जरूर
कृपालु ओ कृपालु
तुमने ही हमको संभाला जी
बालाजी ओ बालाजी
सालासर के बालाजी

तेरी पूजा कुछ न जानूँ
भक्त अनाड़ी कहती है दुनिया
लिखता रहेगा भजन तुम्हारे
राजा गोहर सारी उमरिया
ग़मों ने जब जब घेरा है
तू ही बना रखवाला जी
बालाजी ओ बालाजी
सालासर के बालाजी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b8%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-rajan-mor/